ई–मेल / महत्वपूर्ण

संख्या– 01 / सत्तर–7–2022–बी0एड0(09) / 2014टी0सी0

प्रेषक,

डा0 सुधीर एम0 बोबडे,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,
झांसी।

उच्च शिक्षा अनुभाग–7 **लखनऊः दिनांक 03 जनवरी, 2023**

विषयः– संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उ0प्र0 में स्थापित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध या सहयुक्त घटक महाविद्यालयों में शिक्षण उपाधि के लिए शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या–451 / 15–11–87–03(58) / 79, दिनांक 05 मई 1987, उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शिक्षा की उपाधि के लिये शिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) (सातवां संशोधन आदेश, 2007) एवं (दसवां संशोधन आदेश दिनांक 10 जून, 2015) तथा अन्य सपठित संशोधित अधिनियमों के प्राविधानों के आलोक में संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 आयोजित कराने तथा तदोपरान्त काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही सम्पन्न कराने हेतु शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त **बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी** को आयोजक विश्वविद्यालय नामित किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023 हेतु समय सारणी निम्नवत् निर्धारित की गयी हैः–

Event	Date
First Advertisement	February 1, 2023
Online sale of Application form	Febraury 10, 2023-March 10, 2023
Written test date	April 20-25, 2023
Declaration of Result	May 25-30, 2023
Counselling	June 1-25, 2023
Start of academic session	July 01, 2023

3— इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा—2023 हेतु ऑनलाइन आवेदन शुल्क तथा काउन्सिलिंग शुल्क का सकारण व औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 सुधीर एम0 बोबड़े)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2— निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
3— समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4— अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ।
5— उच्च शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण/अनुभाग।
6— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा)
विशेष सचिव।